# विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड

(विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)

# Science and Engineering Research Board

(A Statutory Body Department of Science and Technology, Govt. of India)

(फाइल सं. एसईआरबी/भर्ती/01/2023)

## <u>विज्ञापन सूचना सं. 03/2023</u>

विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी), जोकि भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय है, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार प्रतिनियुक्ति आधार पर अवर सचिव के पद को भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करता है:

| पद का नाम | वेतनमान | पदों की संख्या | भर्ती का माध्यम |
|---|---|---|---|
| **अवर सचिव** | पे मैट्रिक्स में लेवल -11 (₹67700-208700 रुपये) (पूर्व-संशोधित पीबी-3 ₹15600 - 39100+जीपी ₹6600/-) | 01 | प्रतिनियुक्ति आधार |

अवर सचिव के उपर्युक्त पद को केंद्र सरकार, राज्य सरकारों या केंद्र शासित प्रदेशों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या विश्वविद्यालयों या अर्ध सरकारी या वैधानिक या स्वायत्त संगठन के अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने का प्रस्ताव है -

(i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर समरूप पद धारण करते हों;
(ii) वेतन मैट्रिक्स (₹56100-177500) ((पूर्व-संशोधित पीबी-3 ₹15600-39100 + जीपी ₹5400) /-) या समकक्ष में लेवल-10 में नियमित आधार पर प्रतिनियुक्ति के उपरांत विवेच्य ग्रेड में पाँच वर्ष की नियमित सेवा सहित हों।
(iii) वेतन मैट्रिक्स (₹47600-151100 रुपये) (पूर्व-संशोधित पीबी-2 ₹9300-34800+जीपी ₹4800/-) या समकक्ष में लेवल-8 में नियमित आधार पर प्रतिनियुक्ति के उपरांत विवेच्य ग्रेड में छह वर्ष की नियमित सेवा सहित हों।
(iv) वेतन मैट्रिक्स (₹44900-142400 रुपये) (पूर्व-संशोधित पीबी-2 रुपये ₹9300-34800+जीपी ₹4600/ -) या समकक्ष में लेवल-7 में नियमित आधार पर प्रतिनियुक्ति के उपरांत विवेच्य ग्रेड में सात वर्ष की नियमित सेवा सहित हों।
(v) वेतन मैट्रिक्स (₹35400-112400) (पूर्व-संशोधित पीबी-2 ₹9300-34800 + जीपी ₹4200/ -) या समकक्ष में लेवल-6 में नियमित आधार पर प्रतिनियुक्ति के उपरांत विवेच्य ग्रेड में दस वर्ष की नियमित सेवा सहित हों।

नोट: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें धारित किसी अन्य *पूर्व-कैडर* पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से तुरंत पहले की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**आयु सीमा:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

# <u>सामान्य निर्देश</u>

1. निर्धारित आवश्यक योग्यताएं न्यूनतम हैं और उन्हें धारण कर लेने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के हकदार नहीं हो जाते।

2. बोर्ड बिना कोई कारण बताए भर्ती रद्द करने का भी अधिकार सुरक्षित रखता है।

3. बोर्ड उम्मीदवारों द्वारा उनके आवेदन पत्रों में प्रदान की गयी सूचना/विवरणों के आधार पर आंतरिक शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया के माध्यम से अर्थात् आवेदनों की छंटाई और बोर्ड की आवश्यकता के अनुसार साक्षात्कार में बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने के लिए एक स्क्रीन कमेटी का गठन करके, साक्षात्कार में बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को उपयुक्त सीमा तक सीमित कर सकता है। **साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने से पूर्व, उम्मीदवारों की सुयोग्यता का निर्धारण विधिवत रूप से गठित एक समिति करेगी जो उम्मीदवार द्वारा प्रदत्त अनुभव की गुणवत्ता तथा प्रकृति को ध्यान में रखते हुए तथा बोर्ड की विशिष्ट कार्य अपेक्षा के अनुसार होगा।** साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाए गए / नियुक्ति हेतु नहीं चुने गए उम्मीदवारों से प्राप्त किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी भी रूप में सिफारिश याचना करने पर उम्मीदवारी अयोग्य हो जाएगी।

4. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहरी उम्मीदवारों को रेलवे टिकट प्रस्तुत करने पर वर्तमान निवास स्थान/कार्यस्थल से देश के भीतर आने-जाने के लिए लघुतम मार्ग के सेकेंड एसी रेलवे किराए का भुगतान किया जाएगा।

5. **आवेदन कैसे करें:**

(क) आवेदन नीचे दिए गए अनुबंध के अनुसार, निर्धारित प्रारूप में मोटे सादे कागज (ए-4 आकार 210 x 297 मिमी) पर साफ-सुथरे टाइप किए जाने चाहिए।

(ख) आवेदन का कोई भी कॉलम खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए। कोई जानकारी न होने की स्थिति में, ऐसे कॉलम के सामने शून्य इंगित करें। किसी भी स्थिति में कोई भी कॉलम खाली नहीं छोड़ना होगा।

(ग) **आवेदकों को अनिवार्यत: केंद्र/राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों, स्वायत्त निकायों/वैधानिक निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों, या केंद्र/राज्य सरकारों के अनुसंधान संस्थानों आदि का कर्मचारी होना चाहिए। उम्मीदवारों को आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि के भीतर सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' के साथ उचित माध्यम से आवेदन करना होगा। आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। <u>कृपया ध्यान दें कि 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' के साथ उचित माध्यम से प्राप्त नहीं होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।</u>**

(घ) आवश्यक/शैक्षिक योग्यता, जन्मतिथि, अनुभव, यदि कोई हो, आदि के समर्थन में प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां, आवेदन के साथ संलग्न की जानी चाहिए। उम्मीदवारों को सत्यापन के लिए साक्षात्कार के समय मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे।

(ङ) केवल निर्धारित प्रोफार्मा (अनुबंध के अनुसार) में पूरी तरह से भरे हुए आवेदन, पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से एक लिफ़ाफ़े में, जिस के ऊपर **"अवर सचिव के पद के लिए आवेदन"** लिखा हो, **रोजगार समाचार (अंग्रेजी संस्करण) में इस विज्ञापन के प्रकाशन अर्थात जिस सप्ताह यह प्रकाशित हुआ उस सप्ताह की अंतिम तारीख से 45 दिन** (असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख, लाहौल और स्पीति जिले और हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के पांगी उपमंडल, केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के लोगों के लिए 60 दिन) **के अंदर निदेशक, विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड, चौथी मंजिल, ब्लॉक-II, टेक्नोलॉजी भवन, न्यू महरौली रोड, नई दिल्ली -110 016** के पास भेजे जाने चाहिए।

(च) **अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन या किसी भी संबंध में अपूर्ण आवेदन को सरसरी तौर पर ही रद्द किया जा सकता है। अंतिम तिथि से पहले पोस्ट किए जाने पर भी आवेदनों की डिलीवरी में डाक विभाग की ओर से किसी भी देरी के लिए बोर्ड जिम्मेदार नहीं होगा। आवेदन की ऐसी अस्वीकृति के विरुद्ध किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।**

6. **आयु सीमा:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को **56 वर्ष से अधिक नहीं होगी**। आयु सीमा निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तिथि भारत में उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी (न कि दूरदराज के क्षेत्रों के लिए निर्धारित अंतिम तिथि)।

7. **आरक्षण मानदंड:** चूंकि पद प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना आवश्यक है, इसलिए केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षण लागू नहीं है।

8. कृपया ध्यान दें:

(i) **विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड के अधिकारी/कर्मचारी केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के अंतर्गत नहीं आते हैं।** हालाँकि, जहां तक चिकित्सा सुविधाओं का संबंध है, एसईआरबी के अधिकारी एसईआरबी के विनियमों द्वारा अधिशासित होंगे।

(ii) **विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड के अधिकारी/कर्मचारी आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के संपदा निदेशालय के सामान्य पूल से रिहायशी आवास के आवंटन के लिए पात्र नहीं हैं।** हालाँकि, एसईआरबी के अधिकारी/कर्मचारी एसईआरबी के विनियमों में निहित प्रावधानों के अनुसार मकान किराया भत्ते के हकदार होंगे।

***

## आवेदन का प्रारूप

| डायरी नंबर | | 2023 |
|---|---|---|

*(कार्यालय के उपयोग के लिए)*

पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो लगाएं (तीन महीने से अधिक पुराना नहीं)

1. जिस पद के लिए आवेदन किया है : ................................................................................

2. पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) : ................................................................................

3. पिता/पति/पत्नी का नाम : ................................................................................

4. (क) जन्म की तारीख : दिन ................ माह ................ वर्ष ..................

(ख) अंतिम तिथि को आयु : वर्ष ................ माह ................ दिन ..................

(ग) सेवानिवृत्ति की तिथि :

5. शैक्षिक योग्यता :

(मैट्रिक के बाद से कालानुक्रम में। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें)

| **क्र.सं.** | **उत्तीर्ण परीक्षा** | **विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड** | **उत्तीर्ण करने का वर्ष** | **मुख्य विषय** | **श्रेणी/वर्ग/ अंकों का प्रतिशत** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

6. रोजगार का विवरण:

(पहली नौकरी से शुरू करके
कालानुक्रम में विवरण)
(यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें)

| क्र.सं. | मंत्रालय/विभाग/ संगठन का नाम | धारित पद | नियमित/ तदर्थ/ अस्थायी | अवधि | | | वेतनमान | निष्पादित दायित्वों / कार्य का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से | तक | कुल अवधि (वर्षों, महीनों और दिनों में) | | |
| | | | | | | | | |

7. वर्तमान रोजगार स्थिति:
(क)

| केंद्र सरकार | राज्य सरकार | केंद्र/राज्य सरकार | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वायत्त निकाय/ सांविधिक निकाय | सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम | विश्वविद्यालय, शैक्षणिक या अनुसंधान संस्थान | अन्य |
| | | | | | |

(ख) वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात
तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी:

(ग ) यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति पर है/
संविदा आधार पर है तो कृपया बताएं:

| **8.** | **प्रशिक्षण, यदि कोई हो:** | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | संगठन | अवधि | | प्रशिक्षण का ब्योरा |
| | | | | |

9. (i) पत्राचार के लिए पता
(स्पष्ट अक्षरों में)

(ii) टेलीफोन नंबर

(क) कार्यालय:______________________

(ख) निवास:________________________

(ग) मोबाइल नंबर: __________________

(iii) ईमेल पता_______________________________________________

10. वर्तमान वेतन (संशोधित/पूर्व-संशोधित)

(i) लेवल एवं वेतन मैट्रिक्स/
वेतन बैंड + ग्रेड वेतन ..................................................

(ii) मूल वेतन
(पे मैट्रिक्स में वेतन /
पीबी+जीपी में वेतन) ..................................................

(iii) अन्य भत्ते
(एचआरए को छोड़कर) ..................................................

(iv) कुल वेतन
[(ii) + (iii)] ..................................................

11. फ़ोन नंबर के साथ कैडर प्राधिकारी का पूरा पता

12. राष्ट्रीयता:

13. क्या आप एससी/एसटी/ओबीसी/शारीरिक विकलांग हैं।

14. स्थायी पता :
(स्पष्ट अक्षरों में)

टेलीफ़ोन नंबर: पिन कोड:

लैंडलाइन (कोड के साथ) : ___________

मोबाइल नंबर: ______________________

15. निकटतम रेलवे स्टेशन:

16. कोई अन्य जानकारी जो आप जोड़ना चाहें:

17. संलग्नकों का विवरण

18. घोषणा:-

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि जहां तक मुझे जानकारी और विश्वास है उपरोक्त सूचना सही और पूर्ण है और कुछ भी छुपाया/तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत नहीं किया गया है। यदि किसी भी समय ऐसा पाया जाता है की मैंने कोई सूचना छिपाई है या तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत की है तो मेरी नियुक्ति बिना किसी नोटिस/मुआवजे के तुरंत समाप्त की जा सकती है।

**स्थान:** **उम्मीदवार के हस्ताक्षर**
**तारीख:**

कृ.पृ.उ.

**नियोक्ता/संगठन प्रमुख/कार्यालय/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाणपत्र:**

प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा अपने आवेदन में दी गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड पर उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही हैं। उनके पास विज्ञापन में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव है। चयनित होने पर उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

1. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:-

(i) अधिकारी के विरुद्ध कोई सतर्कता/अनुशासनात्मक मामला या आपराधिक मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है;
(ii) अधिकारी की सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है;
(iii) अधिकारी के पिछले पांच वर्षों के एसीआर/एपीएआर डोजियर की सत्यापित प्रतियां संलग्न हैं;
(iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर कोई बड़ी/छोटी पेनल्टी नहीं लगायी गयी है।
(v) कैडर नियंत्रण प्राधिकारी को विज्ञापन में उल्लिखित पद के लिए आवेदक पर विचार किए जाने से कोई आपत्ति नहीं है। चयनित होने पर उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

स्थान:
दिनांक:

संलग्नकों की सूची:

हस्ताक्षर:
नाम और पदनाम:
दूरभाष फ़ोन:

कार्यालय सील:

***